

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव कोरोना संक्रमित

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्हें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। यादव ने बताया कि बीती रात मैंने अपना कोविड टेस्ट करवाया जो पॉजिटिव आया है। मुझे बेहद हल्के लक्षण हैं। कोई अन्य परेशानी नहीं है। फिर भी मेरे संपर्क में आए सभी लोगों से निवेदन है कि सभी स्वयं को आइसोलेट कर लें। अपना कोविड टेस्ट जरूर करवाएं। इससे पहले सोमवार को केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट कोरोना संक्रमित पाए गए थे। उन्हें भी संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। भट्ट ने खुद को घर में आइसोलेट कर लिया है।

### आम आदम पार्टी ने जारी प्रत्याशियों की दूसरी सूची

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। आम आदमी पार्टी उत्तराखंड प्रभारी दिनेश मोहनिया ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। इसके साथ ही जिन उम्मीदवारों का चुनाव हुआ है उनको दिनेश मोहनिया ने बधाई दी। दूसरी सूची में 18 प्रत्याशियों के नाम हैं। रायपुर विधानसभा से नवीन प्रिशाली को प्रत्याशी बनाया गया है। घाट आंदोलन के नेता गुड्डु लाल को थराली विधानसभा से प्रत्याशी बनाया गया है। अब तक आम आदमी पार्टी ने 42 प्रत्याशी घोषित किए हैं।

### हरिद्वार आए पंजाब के सीएम चन्नी, किसी को नहीं लगी भनक

**संवाददाता** देहरादून। पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी सोमवार सुबह छह बजे हरिद्वार पहुंचे थे। चन्नी अपने किसी परिचित के साथ आए और पौने घंटे बाद लौट गए। इसकी भनक कांग्रेसियों तक को नहीं लगी। आचार संहिता लागू होने से पुलिस और प्रशासन की ओर से चन्नी को प्रोटोकॉल नहीं दिया गया। इसके चलते चन्नी के हरिद्वार आने की खबर किसी को नहीं मिल पाई। जानकारी के अनुसार चन्नी की गाड़ियों का काफिला सुबह छह बजे हरकी पैड़ी पहुंचा। पुलिस चौकी के पास गाड़ियां खड़ी की गईं।

### दूसरे की जमीन का सौदाकर ठगे 15 लाख रुपये

**संवाददाता** विकासनगर। थाना सहसपुर अंतर्गत मौजा होरावाला में स्थित दूसरे की जमीन को ठग ने दिखाकर देहरादून निवासी दो व्यक्तियों से 15 लाख रुपये हड़प लिए। मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार देहरादून के अजबपुर कलां निवासी अमित शर्मा और हंसराज को बिहारीगढ़ सहारनपुर, उत्तर प्रदेश निवासी अब्दुल रहमान ने मौजा होरावाला में एक जमीन दिखाई।

# उत्तराखंड में आए कोरोना के 2127 नए मामले

**कोरोना विस्फोट**


■ एक्टिव केस पहुंचे साढ़े छह हजार पार, 416 मरीज भी हुए स्वस्थ

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना का खतरा बढ़ता जा रहा है। आज मंगलवार को प्रदेश में कोरोना के 2127 नए मामले मिले हैं। जबकि 416 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। अब राज्य में कोरोना के सक्रिय मामले 6603 पहंच गए हैं। वहीं, जिलों की बात करें तो आज देहरादून में 991, नैनीताल में 451 और हरिद्वार में 259 कोरोना के मामले सामने आए हैं।

मंगलवार को आई रिपोर्ट में रुड़की क्षेत्र में 83 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। इन मरीजों आइआइटी रुड़की, गांधी नगर, सिविल अस्पताल परिसर, सिविल लाइंस, पुरानी तहसील, राजपूताना, एनआइएच कालोनी, सीबीआरआइ, डोगरा लाइन सहित विभिन्न मोहल्लों में कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। सिविल अस्पताल रुड़की के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय कंसल ने बताया कि कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। इसलिए सभी अनिवार्य रूप से कोविड गाइड लाइन का पालन करें। घर से अनावश्यक रुप से बाहर न निकले।

**83 और व्यक्तियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि**



रुड़की मेंकोरोना संक्रमण का प्रकोप जारी है। मंगलवार को 83 और व्यक्तियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इनमें सबसे ज्यादा मरीज आइआइटी रुड़की से हैं। 13 कोरोना संक्रमित मरीज अकेले आइआइटी रुड़की परिसर से हैं। वहीं गांधीनगर में छह व्यक्तियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किये जा रहे प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। रुड़की क्षेत्र में लगातार कोरोना संक्रमित मरीज मिल रहे हैं।

**प्रदेश में 16 जनवरी 2021 से शुरू हुआ था कोविड टीकाकरण अभियानः** प्रदेश में 16 जनवरी 2021 से कोविड टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था। सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्करों को वैक्सीन लगाई गई। जिसके बाद मार्च महीने से 60 से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण शुरू किया गया। कोरोना संक्रमण बढ़ने से केंद्र सरकार ने बुजुर्गों, हेल्थ वर्करों और फ्रंटलाइन वर्करों को प्रीकॉशन डोज के रूप में तीसरा टीका लगाने का निर्णय लिया है। देहरादून के जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुलदीप मर्तोलिया ने बताया कि बुजुर्गों, स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन वर्करों को 10 जनवरी से तीसरा टीका लगाया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। टीकाकरण बूथों पर तीसरी डोज के लिए 20 प्रतिशत वैक्सीन अलग से उपलब्ध रहेगी। जिन लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के लिए नौ महीने या 39 सप्ताह का समय हो गया है। उन्हें ही तीसरी डोज लगाई जाएगी।

**एक सप्ताह में 46 प्रतिशत किशोरों को लगी पहली डोजः** स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 15 से 18 वर्ष के 2.88 लाख से अधिक किशोरों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है। जो लक्ष्य का 46 प्रतिशत है।

### प्रदेश में 1.58 लाख नए मतदाता जुड़े




देहरदून। उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कोरोना महामारी को देखते हुए तैयारी की जा रही है। यह जानकारी राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले चुनाव की तुलना में इस बार 1.58 लाख मतदाता पहली बार वोट देंगे। उत्तराखंड की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने बताया कि कोरोना महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए चुनाव की तैयारी हो रही है। पूरी मतदान प्रक्रिया इसी का पालन करते हुए की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि इस बार 1.58 लाख मतदाता नए जुड़े हैं, जो पहली बार मतदान प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे। इस बार 11,647 मतदान बूथ बनेंगे, जो पिछली बार से लगभग 500 ज्यादा हैं। इस बार 81 लाख मतदाता वोट देंगे, जिनमें से 42 लाख पुरुष और 39 लाख महिला मतदाता हैं।

# भाजपा का केंद्रीय संसदीय बोर्ड तय करेगा उम्मीदवार

**चयन**

■ सीएम धामी ने बताया, किस आधार पर चुना जाएगा विधानसभा सीट का उम्मीदवार

**संवाददाता**




देहरादून। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद उत्तराखंड में टिकट देने की प्रक्रिया चल रही है। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि राज्य चुनाव समिति की बैठक होगी और इसके बाद भाजपा का केंद्रीय संसदीय बोर्ड उम्मीदवार तय करेगा।

सीएम धामी ने मंगलवार को बताया कि भाजपा में अभी टिकट देने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही राज्य चुनाव समिति की बैठक होगी और उसके बाद केंद्रीय संसदीय बोर्ड मेरिट, काम और परिस्थितियों के आधार पर सीट पर उम्मीदवार का चयन करेगा।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग भले ही जनता को टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन को लेकर बरगलाने की कोशिश कर रहे हों लेकिन उनकी सरकार ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। देहरादून के एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने के साथ प्रदेश में नए हवाई मार्ग चिन्हित कर उड़ान शुरू की गईं। कई अन्य जगहों पर शुरुआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 500 से अधिक फैसले लिए। इन फैसलों का वित्तीय प्रबंधन करते हुए आदेश जारी किए।

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस के कारनामों और हमारी सरकार के कामों के बीच मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी चुनाव आयोग की सभी गाइडलाइंस का पालन करेगी। 2025 में रजत जयंती वर्ष तक निश्चित तौर पर वह उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना हो या गरीब कल्याण योजना, भाजपा की सरकार ने अंतिम छोर तक इनका लाभ पहुंचाने पर फोकस किया है। आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा। अटल जी ने उत्तराखंड बनाया था और मोदी जी के नेतृत्व में उसे संवारेंगे।

### युवा कांग्रेस ने भी की टिकट की दावेदारी

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस पार्टी में एक–एक सीटों के लिए घमासान मचा हुआ है। ऊपर से युवा कांग्रेस ने भी कम से कम 12 टिकट युवा चेहरों को देने की मांग उठाई है। जिससे आने वाले दिनों में कांग्रेस के भीतर टिकट के लिए लड़ाई और गहरा सकती है। प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी होने के साथ–साथ चार विस चुनावों में दो बार सत्तासीन रही है। ऐसे में कांग्रेस के प्रत्येक नेता को लग रहा है कि इस बात जनता फिर से सत्ता परिवर्तन करेगी और सत्ता पर कांग्रेस काबिज होगी। इस लालसा में छोटा कार्यकर्त्घ्ता भी बड़े सपने देख रहा है और अपने–अपने क्षेत्रों से टिकट की चाह रख रहा है। प्रदेश में फिलहाल युवा कांग्रेस पांच साल सक्रिय रही है। हालांकि, युकां के दो धड़ों में बंटे होने से कई बार दोनों गुटों की लड़ाई खुलकर सामने भी आई थी।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।